# HAPUR POLICE

## OPERATION CONVICTION

**हापुड़ पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए स्कूल में चोरी करने के मामले में एक अभियुक्त को 02 वर्ष 06 माह का साधारण कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय** द्वारा चलाये जा रहे **"ऑपरेशन कन्विक्शन"** अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए **आज दिनांक 23.05.2025** को **मा0 न्यायालय** द्वारा स्कूल में चोरी करने वाले **एक अभियुक्त** को दंडित कराया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

- दिनांक 19.01.2015 को अभियुक्त **विनोद पुत्र दीवान निवासी मौहल्ला उद्योग वाला कस्बा व थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़** द्वारा स्कूल में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर **मु0अ0सं0 23/2015 धारा 457, 380, 411 भादवि** पंजीकृत किया गया था तथा दिनांक 26.01.2015 को आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।
- आज दिनांक 23.05.2025 को अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय एडीजे(जेडी) जेएम गढ़मुक्तेश्वर द्वारा **02 वर्ष 06 माह का साधारण कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थदण्ड** की सजा सुनाई गई।
- अभियोजन विभाग से **श्री सुनील शर्मा (शासकीय अधिवक्ता)** व विवेचक **उप निरीक्षक श्री रमेश चन्द** एवं पैरोकार **है0का0 अश्वनी कुमार** व कोर्ट मोहर्रिर **है0का0 प्रदीप** का विशेष योगदान रहा।




